# 32 मीटर लंबी प्री-कास्ट पुलिया का काम हुआ शुरू




जूनियर रिपोर्टर

**भोपाल, 01 अगस्त. ज्योति टॉकीज चौराहा क्षेत्र के लोगों को अगस्त महीने भर यातायात संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा. 80 के दशक में पत्थर की चिनाई से बने पुराने नाले को हटाकर यहां पहली बार प्री-कास्ट बॉक्स कलवर्ट तकनीक से 32 मीटर लंबी पुलिया बनाई जाएगी.**

यह पुलिया 3×3×3 फीट के 11 प्री-कास्ट ब्लॉक्स से तैयार होगी. काम 15 अगस्त के बाद से शुरू होगा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया जाएगा. ये तरीका तकनीकी रूप से नया है जिससे कम समय मे पुलिया का काम पूरा हो जाएगा. पारंपरिक तकनीक से पुलिया का निर्माण तीन महीने मे खतम होता.

निर्माण के दौरान ज्योति टॉकीज चौराहा और आसपास के इलाकों मे जाम की स्थिति बन सकती है. ट्रैफिक पुलिस और निगम मिलकर वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था करेंगे ताकि आम लोगों को कम से कम परेशानी हो.



स्थानीय दुकानदार राजकुमार सैनी ने बताया कि पीडब्ल्यूडी नाले का रोज निरीक्षण कर रही है. सोमवार को पीडब्ल्यूडी के दो कर्मचारी ने नाले के अंदर जा कर नाले का सर्वे किया. ये रास्ता शहर का मुख्य रास्ता है. जो न्यू मार्केट और एमपी नगर से जाता है. अगर ये रास्ता जल्दी बन जाता है तो शहरवासियो को ट्रैफिक जाम का सामना नही करना पड़ेगा.

## बांधों की करें निगरानी : सिलावट

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 1 अगस्त. जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के सभी बांधों एवं जलाशयों की निरंतर निगरानी की जाए और सभी सुरक्षात्मक उपाय किए जाएं.**

विभाग के अधिकारी, जिला प्रशासन एवं सभी संबंधित अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य करें. सभी जिलों में बाढ़ नियंत्रण कक्ष प्रभावी रूप से कार्य करें और अतिवृष्टि एवं बाढ़ की जानकारी राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष को भेजते रहें. बांधों से जल छोड़ने की जानकारी सभी संबंधियों को दी जाए और विशेष रूप से मुनादी करवाकर व अन्य साधनों से आमजन को समय से पूर्व उपलब्ध कराई जाए.

मंत्री सिलावट ने शुक्रवार को मुख्य अभियंता बोधी कार्यालय स्थित राज्य बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्रदेश में वर्षा और जलाशयों में जलभराव की स्थिति की समीक्षा की.



**जहांगीराबाद बाजार में बिगड़ा यातायात**

**भोपाल.** जहांगीराबाद बाजार में सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है. दुकानों और ठेलों के कारण सड़कों पर वाहन रेंगते हैं, जिससे राहगीरों और दोपहिया चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.

## विजयवर्गीय को घेरा

**भोपाल, 01 अगस्त. भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री विजय शाह को हटाने की मांग को लेकर विधानसभा में जबरदस्त हंगामा हुआ.**

कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने गैस पीड़ितों को लेकर सवाल पूछा था, जिसका जवाब मंत्री शाह को देना था. लेकिन इस दौरान कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया ने महिला सैन्य अधिकारी पर कथित टिप्पणी को लेकर मंत्री से इस्तीफे की मांग कर दी. जैसे ही विपक्ष ने नारेबाजी शुरू की, सत्ता पक्ष भी मुखर हो गया.

संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, जो सेना का अपमान करते हैं, उन्हें सेना के सम्मान पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है. विजयवर्गीय ने सिंघार पर आदिवासी विरोधी होने का आरोप लगाया. कांग्रेस सिर्फ गुमराह कर रही है.

## मप्र निगम-मंडल नियुक्तियों को लेकर जल्द होगी बड़ी घोषणा

**भोपाल, 01 अगस्त. मध्य प्रदेश की राजनीति में आने वाले एक-दो दिन में बड़ा सियासी घटनाक्रम देखने को मिल सकता है.**

नगम-मंडलों, बोर्ड और आयोगों में राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर दिल्ली में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की बैठक के बाद नए समीकरण बनते नजर आ रहे हैं. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित तमाम वरिष्ठ नेता गुरुवार को नई दिल्ली के एमपी भवन में आयोजित बैठक में शामिल हुए. इस महत्वपूर्ण बैठक में क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए संभावित नामों पर विचार किया गया. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की.




## खाद की खाली बोरियां, नैनो खाद की बोतलें लेकर प्रदर्शन

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 1 अगस्त. विधान सभा परिसर में कांग्रेस का थीम आधारित प्रदर्शन लगातार पांचवें दिन भी चला.**

शुक्रवार को कांग्रेस विधायक प्रदेश में खाद संकट को लेकर खाद की खाली बोरी और नैनो खाद की प्रतीकात्मक बोतलें लेकर परिसर में पहुंचें और प्रदर्शन किया. इस दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा प्रदेश के लाखों किसान खाद की लाइन में खड़े हैं, लेकिन सरकार आंख मूंदे बैठी है. एक तरफ बारिश का समय चल रहा है, दूसरी ओर किसानों को आवश्यक खाद तक नहीं मिल रही. उन्होंने कहा कि नकली और अनुपलब्ध खाद से किसान परेशान हैं और मुख्यमंत्री सिर्फ विदेशी यात्रियों में व्यस्त है.

उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों को राहत देने की बजाय, नैनो खाद जैसे प्रयोगों के जरिए उनके साथ खिलवाड़ कर रही है. उन्होंने कहा सरकार किसानों के के बच्चों के भविष्य की चिंता इस सरकार को नहीं है. नेता प्रतिपक्ष ने मांग की कि किसानों को तत्काल पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए. वहीं खाद वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित हो. हंगामें के बाद सदन 4 अगस्त तक स्थिगित कर दिया गया. नैनो खाद के दुष्प्रभावों की जांच कराई जाए.





काशी में नागरिक सुविधाओं से संबंधित
₹2,200 करोड़ की 52 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास
2,000+ दिव्यांगजन एवं वृद्धजन को सहायक उपकरण का वितरण
काशी सांसद प्रतियोगिताओं के पंजीकरण पोर्टल, वेबसाइट एवं क्यूआर कोड की लॉन्चिंग

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
के द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

डॉ. वीरेंद्र कुमार — मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, भारत सरकार | केशव प्रसाद मौर्य — उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | ब्रजेश पाठक — उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

सुरेश कुमार खन्ना — मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य, उत्तर प्रदेश | सूर्य प्रताप शाही — मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान, उत्तर प्रदेश | अनिल राजभर — मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन तथा समन्वय, उत्तर प्रदेश | रवीन्द्र जायसवाल — राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन, उत्तर प्रदेश | डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' — राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एम.ओ.एस.), उत्तर प्रदेश

एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

दिनांक : 2 अगस्त, 2025 | समय : प्रातः 10:00 बजे | स्थान : ग्रामसभा-बनौली (कालिका धाम) सेवापुरी, वाराणसी

लोकार्पित होने वाली प्रमुख परियोजनाएं
• वाराणसी-भदोही मार्ग का 4 लेन में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण • जल जीवन मिशन के अंतर्गत 47 ग्राम पंचायतों में स्वच्छ पेयजल परियोजनाएं • हरदत्तपुर रेलवे स्टेशन के पास मोहन सराय-अदलपुरा रोड पर 2 लेन रेल उपरिगामी सेतु • सीएसआर के माध्यम से गंगा नदी के 8 कच्चे घाटों का पुनर्विकास • महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र एवं होमी भाभा कैंसर अस्पताल में 2 रेडिएशन मशीन, रोबोटिक सर्जरी यूनिट एवं सिटी स्कैन मशीन

शिलान्यास होने वाली प्रमुख परियोजनाएं
• दालमंडी मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण • राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल • वाराणसी-जाफराबाद रेलखंड पर खालिसपुर यार्ड के पास फूलपुर-सिंधौरा मार्ग पर समपार संख्या-22सी पर रेल उपरिगामी सेतु • कछवा रोड से कपसेठी बाबतपुर होते हुए चौबेपुर तक सड़क • छितमपुर से रजवाड़ी वाया धौरहरा तक सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण

काम दमदार-डबल इंजन सरकार

UPGovtOfficial | CMOUttarpradesh | CMOfficeUP

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश